तापमान
अधिकतम 33 .5 डिग्री
न्यूनतम 12 .7 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, मंगलवार, 4 नवंबर, 2025

11 सद्भाव यात्रा ने दिया सामाजिक एकता और भाईचारे...

12 सांस्कृतिक प्रस्तुतियां व साइंस मेला रहा...


## खबर संक्षेप

### गुजवि ने किया वनेक्स फार्मास्युटिकल से करार

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय तथा वनेक्स फार्मास्युटिकल, जयपुर (राजस्थान) के बीच एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। गुजविप्रौवि की ओर से कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने और वनेक्स फार्मास्युटिकल, जयपुर की ओर से पार्टनर मुकुल जैन ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। गुजवि के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार तथा प्रो. नमिता सिंह ने गवाह के रूप में हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि यह एमओयू विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों व शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी होगा

### हकृवि में राज्य स्तरीय कुश्ती स्पर्धा आज से

**हिसार** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में हरियाणा ओलम्पिक संघ द्वारा 27वीं राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 4 से 6 नवंबर तक आयोजित की जाएगी। गिरी सेंटर स्थित शहीद मदनलाल ढींगरा मल्टीपर्पज हॉल में होने वाली इस प्रतियोगिता का शुभारंभ 4 नवंबर को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज करेंगे। प्रतियोगिता के निदेशक एवं प्रशिक्षक संजय मलिक ने बताया कि राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों से लगभग 700 प्रतिभागी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता (लडक़े-लड़कियां) एवं ग्रीको रोमन (लडक़े) में सभी भार वर्गों में रोचक मुकाबले होंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के पहलवान भाग लेंगे।

### अग्रोहा धाम में कल लगेगा भोग का भंडारा

**हिसार।** वैश्य समाज के प्रतिनिधियों मीटिंग अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में अग्रोहा धाम के विकास के बारे में विचार किया गया। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने मंदिर में पूजा करने के उपरांत संबोधित करते हुए कहा कि अग्रोहा धाम का सौंदर्यकरण लगातार वैश्य समाज के सहयोग से हो रहा है। अग्रोहा धाम में 5 नवंबर को पूर्णिमा के पावन पर्व पर छप्पन भोग, पूजा-पाठ व भंडारे का कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर चुडीया राम गोयल, अनंत अग्रवाल, ऋषि राज गर्ग, ईश्वर सेठ, पवन गर्ग, आनंद गोयल, महेश अग्रवाल, संदीप कुमार आदि प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें।

### अध्यापक संघ उप जिला शिक्षा अधिकारी से मिला

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा के नेतृत्व में उप जिला शिक्षा अधिकारी के साथ मीटिंग की। मीटिंग में राज्य प्रधान प्रभु सिंह व राज्य ऑडिटर पवन कुमार विशेष रूप से शामिल रहे। जिला सचिव विनोद प्रभाकर ने बताया कि उप जिला शिक्षा अधिकारी विजेंद्र सिंह के साथ मीटिंग में अध्यापकों की लंबित मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि अध्यापकों के एसीपी के 70 से अधिक केस लंबित है उनको जल्द निपटाने का उप जिला शिक्षा अधिकारी ने आश्वासन दिया।

### आईटीआई के विद्यार्थियों को किया जागरूक

**हांसी।** पुलिस द्वारा साइबर क्राइम व नशे के दुष्परिणामों के प्रति चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के दौरान सोमवार महिला थाना प्रबन्धक इंस्पेक्टर सरोज ने आईटीआई हांसी के विद्यार्थियों एवं स्टाफ को साइबर क्राइम, नशे के दुष्परिणामों व ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया। महिला थाना प्रबन्धक इंस्पेक्टर सरोज ने आईटीआई के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि साइबर ठगों द्वारा ठगी का नया पैंतरा सामने आया है। आज साइबर ठगी से बचने के लिए सावधान रहना जरुरी है।

---

### झाड़ियों में मिला युवक का शव, मौके पर इंजेक्शन और सुई बरामद

# नशे से मौत होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा, लील ली एक और जान


हांसी। घटनास्थल पर जांच करती पुलिस और फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम व शव के पास पड़े नशे के इंजेक्शन व सीरिंज भी मिले। फोटो : हरिभूमि

- नशे की ओवरडोज से मौत की आशंका, फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार/हांसी

जिले में नशे के कारण मौत होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार की सुबह हिसार-हांसी रोड पर स्थित सुनील होंडा के पीछे एक खाली प्लॉट में एक युवक का शव मिला। मृतक की पहचान हांसी के नजदीकी गांव मय्यड़ निवासी मनोज के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में नशे की ओवरडोज से मौत की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलने पर शहर थाना प्रभारी सुखजीत सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं सूचना मिलने पर एसपी अमित यशवर्धन, डीएसपी विनोद शंकर तथा फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंच मौके का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस को शव के पास से बड़ी मात्रा में इंजेक्शन व नशे से संबंधित अन्य सामान बरामद हुआ है। मौके पर मिले साक्ष्यों पर प्रथम दृष्टया मामला नशे की ओवरडोज से मौत का प्रतीत होता है।

#### काम पर जाने निकला था



मृतक के भाई ने बताया कि तीन-चार दिन पहले मनोज गुड़गांव में अपने काम पर जाने की बात कहकर घर से निकला था। वह वहां प्लंबर का काम करता था। मनोज अविवाहित था। फॉरेंसिक टीम द्वारा जांच पूरी करने के बाद शव को नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। परिजनों ने बाद में मौके पर पहुंचकर शव की पहचान की। पुलिस के अनुसार, मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हो पाएगा।

#### पहले नशे से ये गवां चुके जान

- 11 अक्टूबर को अंबेडकर बस्ती के पास झाड़ियों में महाबीर कॉलोनी निवासी 28 वर्षीय मोहित का शव बरामद हुआ। पास में इंजेक्शन मिल थे। नशे की ओवरडोज से मौत हुई थी।
- 17 सितंबर को सेक्टर 16-17 में विश्वासपुरम के पास रजवाहे के सामने झाड़ियों में युवक का शव मिला। उसकी पहचान न्यू मॉडल टाउन एक्सटैंशन के 30 वर्षीय शुभम के तौर पर हुई। वह नशा करने का आदी था और उसके हाथ पर टीका लगाने के निशान मिले थे।
- 1 सितंबर को एंबुलेंस स्टाफ ने रायपुर रोड रेलवे फाटक से दिल्ली हाइवे के निकट अज्ञात युवक का शव लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। मृतक की पहचान गांव मसूदपुर के अशवीर के रूप में हुई। बताया गया है कि उसकी मौत चिट्टे का सेवन करने के कारण हुई।
- 13 अगस्त को आदमपुर क्षेत्र के जवाहर नगर के रहने वाले युवक अजय भारत कॉटन मिल के पास में बेहोशी की हालात में मिला था, जिसकी बाद में मौत हो गई थी। मृतक के भाई सन्नी के अनुसार अजय नशे का आदी थी और उसकी नशे से मौत हो गई।
- सेक्टर 16-17 के रेलवे ओवरब्रिज के पास रेलवे ट्रैक के साथ में 24 जून को बड़वाली ढाणी के 30 वर्षीय दिनेश का शव पड़ा मिला। उसकी मौत नशे की ओवरडोज के कारण हुई है।
- शहर के कुम्हारान मोहल्ले के सतबीर का शव 23 जून को पुरानी सब्जी मंडी के पास खंडहर दुकान में मिला था। उसके दाएं हाथ में सीरिंज लगी हुई थी। वह सब्जी मंडी में सब्जी का काम करता था। नशे की ओवरडोज से उसकी मौत हुई थी।
- रायपुर रोड पर रेलवे फाटक के पास 4 जून को राजली गांव के नवीन कुमार का शव पड़ा मिला था। नशे की ओवरडोज से उसकी मौत हुई थी। शव के पास 2 सीरिंज पड़ी मिली थी।
- पुलिस ने 2 जून को सुबह तोशाम रोड पर आधार अस्पताल के पास से एक कार के अंदर से सैक्टर-15 के सिद्धार्थ का शव कब्जे में लिया था। वह 1 जून की दोपहर को रोहतक जाने की बात कहकर कार में निकला था। अगली सुबह पता चलने पर परिजन आधार अस्पताल के पास पहुंचे थे। सिद्धार्थ की मौत नशे की हालत में कार के शीशे बंद करने के कारण हुई थी। वह पिता का इकलौता बेटा था।
- 27 मई को हांसी शहर में अलग-अलग जगह दो युवकों के शव पड़े मिले। ढाणी राजू रोड पर कब्रिस्तान में करीब 25-26 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। दाहिने हाथ में सीरिंज लगी हुई मिली। मृतक की पहचान गांव रिछपुरा के शुभम के रूप में हुई थी। युवक की हालात देखकर ऐसा लग रहा है कि उनकी मौत नशे की ओवरडोज के कारण हुई है। अनाज मंडी के पास दुकान के खाली प्लॉट में युवक का शव मिला। मृतक रोहित शहर के गंजा बाग एरिया का रहने वाला था। रोहित की मौत का कारण ज्यादा नशा करना बताया गया थी।
- आदमपुर थाना पुलिस ने 4 मई को सीसवाल गांव के पवन कुमार का शव स्कूल के कमरे से कब्जे में लिया था। वह सैलून संचालक था और नशे की ओवरडोज के कारण उसकी मौत हुई थी। इन घटनाओं के बाद भी लोगों में नशे का खौफ नहीं दिखाई दे रहा।

---

## स्कूल बसों के काटे चालान और चालकों को भी किया जागरूक


हांसी। स्कूल बसों के दस्तावेज की जांच करती ट्रैफिक पुलिस थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता देवी व उनके साथ है अन्य पुलिस कर्मी। फोटो : हरिभूमि

- स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए ट्रैफिक पुलिस का सख्त एक्शन

**हांसी।** ट्रैफिक व्यवस्था को दुरूस्त तथा स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उप पुलिस अधीक्षक क्राइम व ट्रैफिक रविन्द्र सांगवान व ट्रैफिक एसएचओ सुनीता देवी ने सोमवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाकर स्कूल बसों की सुरक्षा मानकों, वाहन फिटनेस, ओवरलोडिंग, ड्राइवर के लाइसेंस, फर्स्ट एड बॉक्स, सीसीटीवी कैमरे, फायर एक्सटिंग्विशर, व अन्य अनिवार्य व्यवस्थाओं की गहनता से जांच की गई। जांच के दौरान 10 स्कूल बसों में फिटनेस प्रमाण पत्र की अनुपस्थिति, सुरक्षा उपकरणों की कमी मिलने पर चालान किए गए तथा संबंधित स्कूल प्रबंधन को चेतावनी दी गई कि भविष्य में ऐसे लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर वाहन चालको को ट्रैफिक नियमों के बारे में जानकारी दी ताकि देश का भविष्य बच्चे सुरक्षा से स्कूल व घर पहुंच सकें तथा स्कूल वाहन चालक जागरूक होकर वाहन चलाएं। वहीं पुलिस अधीक्षक ने सभी स्कूल प्रबन्धकों को निर्देश देते हुए कहा कि स्कूल वाहनों का रंग सुनहरे पीले रंग में रंगा होना चाहिए, खिड़की व हेरीजैटल ग्रिल होनी चाहिए, वाहनों के आगे पीछे स्कूल बस का नंबर लिखा हो, अगर वाहन किराये पर है तो ओपन स्कूल ड्यूटी लिखा होना जरूरी है, वाहन में फस्ट एड बॉक्स, अग्नि शमन यंत्र जरुरी है, ड्राइवर साइड व पीछे एमरजेंसी डोर होना जरूरी है समेत अन्य नियमों की भी पालना करनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक यशवर्धन ने कहा कि स्कूलों तथा कॉलेजों में सेमिनार करवाकर यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि यही नहीं, समय-समय पर ट्रैफिक पुलिस के कर्मचारी शहर के साथ-साथ गांवों के क्षेत्रों में पहुंचकर ट्रैफिक संबंधी जानकारी देते हैं। आमजन से भी अपील करते हुए कहा कि वह भी यातायात नियमों की पालना करें, ताकि यातायात में आ रही बांधा को रोका जा सके।

---

*तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर बरामद की चुराई गई कार*

## हांसी पुलिस ने मात्र 38 घंटे में सुलझाया कार चोरी का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

हांसी पुलिस ने एक निजी अस्पताल से चुराई गई फॉर्च्यूनर कार की चोरी की वारदात को 38 घंटे के भीतर सुलझा कर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर उनके पास से चोरी की गई कार बरामद कर ली है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चरखी दादरी के गांव साहूवाला निवासी निशांत, राजथल निवासी निखिल और जींद जिले के गांव खरेंटी निवासी जसबीर के रूप में हुई है। स्पेशल स्टाफ हांसी के इंचार्ज सब इंस्पेक्टर प्रेम ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों ने 31 अक्टूबर की रात करीब 3:15 बजे जनता जनाना अस्पताल परिसर में खड़ी फॉर्च्यूनर कार चोरी कर ली थी। सूचना मिलते ही स्पेशल स्टाफ टीम ने तकनीकी निगरानी और गुप्त सूचनाओं के आधार पर जांच शुरू की। 38 घंटे में ही कार चोरी करने वाले तीनों आरोपियों को हिरासत में ले कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।


हांसी। आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

---

## राजमार्ग पर हादसे में बाइक सवार की मौत

- ट्रक चालक शव को कई मीटर तक घसीटते ले गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गीता चौक के समीप सोमवार सुबह हुए एक सड़क हादसे में एक बाइक सवार की ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार पहले एक कार से टकराया और फिर पास से गुजर रहे एक ट्रक के नीचे आ गया। ट्रक सामान से भरा होने के कारण व्यक्ति को कई मीटर तक घसीटता हुआ ले गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही शहर थाना प्रभारी सुखजीत सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड और डायल 112 पुलिस टीम को भी बुलाया गया। पुलिस ने शव को ट्रक के नीचे से निकाल उसे पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शव गृह में पहुंचाया जहां परिजनों के बयान पर अज्ञात ट्रक चालक पर मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप कर जांच शुरू कर दी।


हांसी। जांच करती पुलिस व फोरेंसिक टीम

#### हिसार जा रहा था युवक

थाना प्रभारी सुखजीत सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान सिसाय निवासी 45 वर्षीय सुनील के रूप में हुई है। मृतक सुनील सोमवार सुबह बाइक पर सवार होकर किसी आवश्यक कार्य हेतू हिसार की ओर जा रहा था और जैसे ही उसका बाइक गीता चौक के समीप पहुंचा तो एक कार की साइड लगने पर वह सड़क पर जा गिरा और इसी दौरान पीछे से आ रहे एक ट्रक उसके उपर से गुजर गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक अपनी गाड़ी सहित तथा ट्रक चालक अपने ट्रक को घटनास्थल पर ही छोड़कर मौके से फरार हो गया। वहीं सड़क दुर्घटना के बाद हिसार-हांसी रोड पर लंबा जाम लग गया, जिसे खुलवाने में पुलिस कर्मचारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। ट्रक दिल्ली से हिसार की ओर जा रहा था।

---

## इंडस स्कूल में 'हरियाणा दिवस' पर विशेष सभा का आयोजन

- चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने दिया हरियाणा की एकता, मेहनत और समर्पण की भावना से प्रेरणा लेने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल में हरियाणा दिवस के अवसर पर कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों द्वारा विशेष सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। हिंदी व अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में विद्यार्थियों ने हरियाणा की संस्कृति, इतिहास एवं गौरव पर भाषण दिए। कक्षा तीसरी की छात्रा वृहा ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, जिनमें हरियाणवी लोक नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। "छोरी मैं हरियाणा की" गीत पर छात्राओं की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम के अंत में खेल विभाग द्वारा हाल ही में आयोजित बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को पदक एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ एकता सिंधु ने बताया कि हरियाणा की एकता, मेहनत और समर्पण की भावना से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा केवल खेलों में नहीं, बल्कि शिक्षा ,कला और संस्कृति में भी अग्रणी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सुभाष चंद राजपूत ने सभी विद्यार्थियों को हरियाणा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राज्य की संस्कृति और गौरव को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

---

## ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर छात्र को लगाया 2.59 लाख का चूना



**नारनौंद।** क्षेत्र के गांव लोहारी राघो के एक छात्र को ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 2.59 लाख रुपये का चूना लगा दिया। पीड़ित ने इस संबंध में पहले ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई और फिर साइबर थाना हांसी में शिकायत दी है। गांव लोहारी राघो निवासी विशाल कुमार ने सोमवार को बताया कि वह पढ़ाई करता है। अगस्त में उसकी टेलीग्राम ऐप पर एक व्यक्ति से बातचीत हुई थी। उस व्यक्ति ने खुद को ट्रेडिंग से जुड़ा बताकर घर बैठे निवेश करके अच्छा पैसा कमाने का लालच दिया। पहले चरण में विशाल ने कुछ रुपए निवेश किए, जिस पर उसे मुनाफा भी मिला। इससे उसका भरोसा बढ़ गया। इसके बाद उस व्यक्ति ने अधिक पैसे लगाने पर ज्यादा प्रॉफिट मिलने का झांसा दिया। विशाल उसकी बातों में आ गया और अपने पंजाब नेशनल बैंक के खाते से 10, 11 और 12 अगस्त 2025 को तीन अलग-अलग लेनदेन में कुल 2 लाख 59 हजार रुपए संबंधित व्यक्ति की यूपीआई आईडी पर भेज दिए रकम भेजने के तुरंत बाद उसका ट्रेडिंग अकाउंट बंद कर दिया गया और उस व्यक्ति ने सभी संपर्क तोड़ दिए। बार-बार मैसेज भेजने पर भी जब कोई जवाब नहीं मिला, तो विशाल को एहसास हुआ कि उसके साथ ऑनलाइन फ्रॉड हो गया है। उसने 13 अगस्त को ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई थी।

---

*बधाई मांगने के बहाने नाजायज रूप से परेशान करने का आरोप*

## किन्नरों से परेशान किनाला के ग्रामीण, पुलिस को दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना मंडी

क्षेत्र के गांव किनाला के ग्रामीणों ने किन्नरों की हरकतों से परेशान होकर ग्राम पंचायत के माध्यम से उकलाना थाना प्रभारी को एक लिखित शिकायत सौंपी है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि गांव में कुछ किन्नर बधाई मांगने के बहाने ग्रामीणों को नाजायज रूप से परेशान कर रहे हैं, जिससे गांव में डर और असहजता का माहौल बना हुआ है।

ग्राम पंचायत की ओर से दी गई शिकायत में बताया गया है कि जब भी गांव में किसी के घर शादी-ब्याह, बच्चे का जन्म या अन्य शुभ अवसर होता है, तो कुछ किन्नर बधाई मांगने के नाम पर वहां पहुंच जाते हैं। शुरुआत में लोग उन्हें खुशी से बधाई देते हैं, लेकिन कई बार ये लोग जबरदस्ती अधिक पैसे मांगते हैं और मना करने पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। गांव के सरपंच हरदीप ने बताया कि कई बार इन घटनाओं के चलते ग्रामीणों और किन्नरों के बीच विवाद की नौबत तक आ चुकी है।

#### थाना प्रभारी को लिखित शिकायत सौंपी

गांव किनाला के ग्रामीणों ने किन्नरों की हरकतों से परेशान होकर ग्राम पंचायत के माध्यम से उकलाना थाना प्रभारी को एक लिखित शिकायत सौंपी है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि गांव में कुछ किन्नर बधाई मांगने के बहाने ग्रामीणों को नाजायज रूप से परेशान कर रहे हैं, जिससे गांव में डर और असहजता का माहौल बना हुआ है। ग्राम पंचायत की ओर से दी गई शिकायत में बताया गया है कि जब भी गांव में किसी के घर शादी-ब्याह, बच्चे का जन्म या अन्य शुभ अवसर होता है, तो कुछ किन्नर बधाई मांगने के नाम पर वहां पहुंच जाते हैं। शुरुआत में लोग उन्हें खुशी से बधाई देते हैं, लेकिन कई बार ये लोग जबरदस्ती अधिक पैसे मांगते हैं और मना करने पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। गांव के सरपंच हरदीप ने बताया कि कई बार इन घटनाओं के चलते ग्रामीणों और किन्नरों के बीच विवाद की नौबत तक आ चुकी है। स्थिति यह हो गई है कि अब लोग शुभ अवसरों पर भी डर और असुविधा महसूस करने लगे हैं।

---

**जागरूकता** भूमि, जल व उर्जा संसाधनों पर बढ़ता दबाव मानव जीवन के लिए गंभीर चुनौती बना : डॉ. संजय कुमार

# प्राकृतिक संसाधन राष्ट्र की धरोहर, आवश्यकता अनुरूप प्रयोग करें

- टर्की, जापान, फ्रांस व डेनमार्क के प्रतिनिधि अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 'संसाधन प्रबंधन, सतत कृषि, खाद्य, पर्यावरण एवं स्वास्थ्य' (सफर) 2025 विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में आयोजित सम्मेलन का उद्घाटन कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड (एएसआरबी) के चेयरमैन एवं मुख्य अतिथि डॉ. संजय कुमार ने किया जबकि विवि के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने अध्यक्षता की। यह सम्मेलन हकृवि एवं सोसाइटी फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर एंड रिसोर्स मैनेजमेंट, (एसएसएआरएम) हिसार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। सम्मेलन में फ्रांस के आईएनआरएई के पूर्व वैज्ञानिक, 2007 के नोबेल पुरस्कार विजेता आर्थर रीडैकर विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। जबलपुर कृषि विवि के पूर्व कुलपति डॉ. डीपी सिंह व बायर क्रॉप साइंस के निदेशक डॉ. राजबीर राठी मौजूद रहे। डॉ संजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आज विकास तीव्र गति से हो रहा है परंतु इसके साथ प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन भी हो रहा है। भूमि, जल और उर्जा संसाधनों पर बढ़ता दबाव मानव जीवन के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। ऐसे में सतत संसाधन प्रबंधन का महत्व और भी बढ़ जाता है। यह न केवल कृषि उत्पादन को टिकाऊ बनाता है बल्कि खाद्य सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और मानव स्वास्थ्य को भी सुनिश्चित करता है। सम्मेलन में उपरोक्त विषय से संबंधित विभिन्न पुस्तकों का भी विमोचन किया गया।



हिसार। पुस्तक का विमोचन करते मुख्य अतिथि एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

#### चुनौतियों को तालमेल जरूरी : प्रो. काम्बोज

अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि कृषि, खाद्य सुरक्षा, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। जलवायु परिवर्तन, जल संकट, भूमि क्षरण और रासायनिक प्रदूषण जैसी चुनौतियां तेजी से बढ़ रही हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए सतत संसाधन प्रबंधन अपनाना समय की आवश्यकता है ताकि कृषि उत्पादन टिकाऊ हो। विशिष्ट अतिथि फ्रांस के आर्थर रीडैकर ने सतत कृषि, खाद्य पर्यावरण सहित विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने लैंड यूज एफिशिएंसी बढ़ाने के लिए मृदा में उचित आर्गेनिक कार्बन का स्तर बनाए रखते हुए फसलों की उत्पादकता बढाने पर बल दिया। इस अवसर पर प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक एवं एसएसएआरएम से जुड़े डॉ. आरके बहल भी उपस्थित रहे।

#### शोध कार्यों की दी जानकारी

सम्मेलन में सभी का स्वागत करते हुए आयोजन सचिव व अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने विश्वविद्यालय में किए जा रहे शोध कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सम्मेलन के संयोजक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने सभी का धन्यवाद किया। मंच का संचालन डॉ. जयंती टोकस ने किया। इस अवसर पर टर्की, जापान, फ्रांस व डेनमार्क के प्रतिनिधि, देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, सोसाइटी फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर एंड रिसोर्स मैनेजमेंट के प्रतिनिधि, इंडियन सोसाइटी ऑफ फॉरेज रिर्सच, हिसार के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

---

### छाजू राम लॉ कॉलेज में एलएलएम की सीट बढ़ी

**हिसार।** सेठ छाजू राम विधि महाविद्यालय में गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के आदेश पर एलएलएम की 25 सीट से बढ़ाकर 50 कर दी गई है। छाजू राम विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार काजल ने बताया कि एलएलएम कोर्स में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थी छाजू राम लॉ कॉलेज में 4 नवम्बर तक दाखिला ले सकते हैं। एलएलएम में दाखिले के लिए जनरल कैटेगरी के लिए 50 फीसद तथा एससी व एसटी के लिए 45 फीसद अंक एलएलबी व बीए एलएलबी में होने चाहिए। सेठ छाजू राम विधि महाविद्यालय जाट एजुकेशनल सोसाइटी हिसार के अंतर्गत एक विधि महाविद्यालय है। स्थापना वर्ष 2003 में की गई थी।


डॉ. कृष्ण कुमार काजल।



# अपनी कामयाबी को ऐसे रखिए कायम

कामयाब होना तो कठिन है ही, अपनी कामयाबी को संभाले रखना, इसे नई ऊंचाई देना और भी कठिन काम है। कामयाबी पर हम कैसे टिके रहें, नए-नए सोपान तय करें, इसके लिए प्रोफेशनल फ्रंट पर हम किन विशेष बातों को ध्यान में रखें, इसके लिए अपनी सोच कैसी रखें, आपके लिए बहुत जरूरी सलाह।

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

कामयाबी ऐसे ही किसी को आसानी से नहीं मिल जाती। इसे पाने की यात्रा का संघर्ष बहुत मुश्किल होता है। इससे कहीं ज्यादा कठिन होता है, हासिल की गई कामयाबी को बनाए रखना, मेहनत के साथ मिली कामयाबी पर टिके रहना, प्रोफेशनल फ्रंट पर खुद को निरंतर संवारते रहना, साथ ही व्यक्तिगत फ्रंट पर सहज बने रहना। असल में सफलता को पाना और सफल होने पर इसे संभालना, दोनों ही बहुत मुश्किल काम हैं। अपनी कामयाबी को अहंकार और असहयोगी रवैये के कारण खो देने वाले लोगों के उदाहरण हर फील्ड में मिल जाएंगे। बहुत से चर्चित और सफल लोग, लंबे संघर्ष के बाद पाई कामयाबी को छोटी-छोटी गलतियों के चलते गंवा देते हैं। उनसे सबक लेना और समय रहते संभलना भी एक स्किल ही है। ऊंचाइयों पर पहुंचने के बाद भी सजगता और सहजता से जीवन जीते हुए किन बातों का ध्यान रखकर अपनी कामयाबी को कायम रखें, जानिए-

## ग्रेटिट्यूड का भाव

ग्रेटिट्यूड यानी कृतज्ञता का भाव सफलता को और सार्थक, और टिकाऊ बनाता है। इसीलिए अपनी कामयाबी का उत्सव मनाते हुए इस यात्रा में सहयोगी रहे लोगों को कभी न भूलें। जब भी, जैसे रूप में भी संभव हो, उन लोगों को जैसे माता-पिता, मित्र, शिक्षक या सहकर्मी को धन्यवाद कहें। इनके प्रति आभार जताना कभी न भूलें। आमतौर पर सफलता पाने के बाद लोग आत्मकेंद्रित हो जाते हैं, जबकि जीवन को तो सांप-सीढ़ी के खेल जैसा माना जाता है, कभी ऊंचाइयों का दौर, तो कभी नाकामयाबी का समय। परिस्थितियां बदलती रहती हैं। ऐसे में अपने अच्छे वक्त में भी दूसरों के साथ अच्छे बने रहें, सकारात्मक बर्ताव करें। कम से कम, किसी को कमतर समझने की गलती तो बिल्कुल भी न करें।

## सहयोगी सोच है जरूरी

सफलता पाने के बाद भी अच्छे आचरण की अहमियत खत्म नहीं हो जाती। सच तो यह है कि अपनी सफलता को बनाए रखने के लिए अपने व्यवहार में सकारात्मकता और सहयोगी भाव और जरूरी हो जाते हैं। इसीलिए अपने आत्मविश्वास को अति-आत्मविश्वास में कभी न बदलने दें। दूसरों की भावनाओं का सम्मान करने का ट्रेंड हमेशा रहा है और रहेगा। सफल होने का मतलब अपनी कमजोरियों को भूल जाना नहीं होता, न ही दूसरों की काबिलियत की अनदेखी करने से आपकी कामयाबी कुछ विशेष हो जाती है। कोशिश कीजिए, आप संघर्ष कर रहे किसी अपने-पराए के मददगार बनें। आगे बढ़ने, बेहतर बनने में किसी का मार्गदर्शन करें। ऐसा करने से आप खुद भी कुछ नया सीखेंगी। कभी-कभी साझा लक्ष्य पर काम करने की यह रणनीति आपको और नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। किसी को दिया जा रहा सहयोग, आपके किसी समाधान का मार्ग भी निकाल सकता है। देखा जाए तो प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते हुए अपने ही परिवेश को कुछ लौटाने जैसा है। इसीलिए कहा जाता है, सहयोग से पूरे समाज की उन्नति होती है। सहयोगी व्यवहार से न केवल जुड़ाव और अपनापन बढ़ता है, बल्कि प्रोफेशनल संसार के संबंधों को मजबूती भी मिलती है।

### आत्म-जागरूकता और सहजता जरूरी

किसी क्षेत्र विशेष में सफल होने का अर्थ यह नहीं कि आप अपने आप में पूर्ण या संपूर्ण हो गई हैं। साथ ही यह भी नहीं सोचना चाहिए कि अब सारी परीक्षाएं खत्म हो गई हैं। जिंदगी



समय-समय पर इम्तिहान लेती रहती है। किसी न किसी रूप में उलझनें सामने आती रहती हैं। इस पड़ाव पर आत्म-जागरूकता और सहजता आवश्यक है। अहंकार से दूरी रखना जरूरी है। मनोवैज्ञानिक विश्लेषणों में भी सामने आया है कि अहंकार सफलता का एक स्वाभाविक परिणाम नहीं है। कामयाबी के गुरूर से इंसान का बदलता व्यवहार ही ईगो की ओर धकेलता है। वहीं, सफलता के दौर में सहज और विनम्र रहने वाले इंसान का मन सदा ग्रेटिट्यूड के भाव से भरा रहता है।

## बुरी आदतों से बचें

कामयाबी के दौर में बुरी आदतों के घेरे में आकर खुद को खो देने वाले लोगों के बहुत से उदाहरण मिलते हैं। इसीलिए सफलता को कोई सनक न बनाएं। खुद को खास दिखाने के लिए अजब-गजब आदतों के जाल में न फंसें, प्रोक्रास्टिनेशन यानी अपने काम को टालते रहना हो या दिनचर्या बिगाड़ लेना, किसी तरह की लत का शिकार होना हो या अपने आपको दिखावे की लाइफस्टाइल में उलझा लेना, ऐसी हर बात से बचिए, जो आपको दिशाहीन करती है। याद रखिए कि



अपनी सफलता को जीना अलग बात है और उसका सिर चढ़ जाना अलग। इस अंतर को समझते हुए खुद को संवारते रहना ही कामयाबी को टिकाऊ बनाता है। संघर्ष का समय बीतने के बाद भी सफलता पाने वाले लोग अनुशासित जीवन जीते हैं और आत्म-निरीक्षण को प्राथमिकता देते हैं। a



घर की तमाम जिम्मेदारियों को निभाते हुए हाउस वाइव्स का खुद के लिए यानी मी टाइम निकालना जरूरी है। इससे वे अपने को रिचार्ज महसूस करेंगी, उन्हें कभी स्ट्रेस नहीं होगा। लेकिन मी टाइम के लिए वर्क मैनेजमेंट का हुनर जरूरी है।

# बिजी लाइफ में भी खुद के लिए निकालें मी टाइम

एडवाइस
शीला श्रीवास्तव

हाउस वाइव्स की अकसर यह शिकायत रहती है कि वे खुद के लिए समय ही नहीं निकाल पातीं। वाकई रुटीन मैनेजमेंट उनके लिए एक चैलेंज की तरह होता है। उन्हें बच्चों के स्कूल, ट्यूशन, ऑनलाइन क्लासेस, हसबैंड के ऑफिस और घर के बड़े-बुजुर्गों की देखभाल के बीच अपने लिए समय नहीं मिल पाता। अपने लिए समय निकालना कितना जरूरी है, इस पर वे कुछ सोचती नहीं हैं। लेकिन अपने लिए समय ना निकालने की वजह से हाउस वाइव्स स्ट्रेस में आ जाती हैं। नतीजतन उन्हें छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आता है, जो आगे चलकर शारीरिक और मानसिक रोगों का कारण बनता है। सवाल यह है कि हाउस वाइव्स खुद के लिए मी टाइम कैसे निकालें-

**जरूरी है मी टाइम:** तमाम जिम्मेदारियों के बीच खुद के लिए समय निकालना 'मी टाइम' है। स्ट्रेस फ्री रहने के लिए यह बहुत जरूरी है। मी टाइम ब्रेन को रिचार्ज करता है। भले ही मी टाइम एक घंटे का हो, लेकिन होना जरूर चाहिए। इस समय आप बस अपने लिए जिएं, खुद को खुशी देने वाले काम करें। एक बार मी टाइम पर फोकस करके देखिए, आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगी। इतना ही नहीं, आप जीवन के अलग-अलग पहलुओं पर गहराई से सोच सकेंगी। खुद को बेहतर समझ पाएंगी और अपनी कमजोरियों और खूबियों पर मंथन कर सकेंगी। साथ ही आप अपने रिश्ते को और बेहतर बनाने पर विचार कर पाएंगी।

**पा सकती हैं खोई हुई एनर्जी:** मी टाइम से आप अपनी खोई हुई एनर्जी वापस पा सकती हैं। मी टाइम निकालने के लिए सबसे जरूरी है कि पहले वर्क मैनेजमेंट करें, क्योंकि आप अपने घर के कार्यों को व्यवस्थित कर पाएंगी तो आपके लिए मी टाइम निकालना आसान हो जाएगा। वर्क मैनेजमेंट सही करने के लिए कुछ बातों पर ध्यान देना होगा।

**खुद को दें प्रॉयोरिटी:** आपके परिवार में किसी को भी कोई जरूरत हो तो वह आपके पास आते हैं। ऐसे में गृहिणियों के लिए तनाव रहित रहना बेहद जरूरी है, क्योंकि अगर आपका स्वभाव चिड़चिड़ा होगा तो आप चाहकर भी किसी की पूरे मन से मदद नहीं कर पाएंगी। इसलिए खुद को प्रॉयोरिटी दें। अपनी पसंद की चीजों पर ध्यान दें। खुद के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं। खुद के पसंद की म्यूजिक सुनें, डांस करें या फिर खुद के पसंद के अन्य काम करें।

### अपना टाइम टेबल बनाएं



मी टाइम निकालने के लिए सबसे पहले आप अपने घर के कार्यों का समय तय करें। इसके लिए जरूरी है कि आप टाइम टेबल बनाएं और हर काम का समय तय करें। टाइम टेबल के हिसाब से किया गया काम हमेशा समय से होता है, इससे आप आसानी से समय निकाल कर अपनी रुचि के काम कर सकती हैं।

**लाइफस्टाइल में बदलाव:** सुबह उठने की आदत डालनी होगी। अगर आप देरी से उठेंगी तो घर का काम भी देरी से शुरू होगा और आपका सारा दिन झुंझलाहट में बीतेगा। खुद के लिए वक्त निकालना मुश्किल होगा।

**सोशल मीडिया पर ज्यादा बिजी न रहें:** अकसर देखा गया है कि महिलाएं सुबह से ही सोशल मीडिया पर कमेंट और लाइक्स देखने और उसका जबाब देने में बिजी हो जाती हैं, जिससे उन्हें समय का पता ही नहीं चलता। सोशल मीडिया पर एक्टिव होने के लिए आप एक समय तय करें, ताकि आप काम के स्ट्रेस से भी दूर रहें और मी टाइम निकाल सकें।

**घर के लोगों से लें मदद:** महिलाओं की यह आदत होती है कि हर काम अकेले ही करना चाहती हैं, जो ठीक नहीं है। घर के अन्य सदस्यों से थोड़ी-थोड़ी मदद लें। बच्चों से आप उनका कमरा ठीक करने, अलमारी और किताबें ठीक करने के लिए कहें। इससे वे खुद भी व्यवस्थित व अनुशासित बनेंगे। इससे आप अकेली पर काम का सारा बोझ नहीं पड़ेगा। a

स्पेशल : इंफेंट प्रोटेक्शन-डे, 7 नवंबर

शिशु देखभाल की समझ बढ़ाने, बाल मृत्यु दर में कमी लाने और नवजात बच्चों की देखभाल से जुड़ी सर्विसेज के बारे में अवेयरनेस बढ़ाने के लिए हर साल 7 नवंबर को इंफेंट प्रोटेक्शन-डे मनाया जाता है। न्यू बॉर्न बेबी की देख-भाल के लिए किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए, जानिए।

# न्यू बॉर्न बेबी सजगता से हो देख-भाल

लालन-पालन
चैतन्या

बच्चे के जन्म के बाद कुछ दिनों तक न केवल न्यू बॉर्न बेबी की विशेष देखभाल की जरूरत होती है बल्कि बहुत सी छोटी-छोटी बातों को लेकर सजगता बरतना भी जरूरी है। हमारे यहां नवजात यानी न्यू बॉर्न बेबीज की सुरक्षा के मामले में आज भी अवेयरनेस की कमी देखी जाती है। असल में नवजात बच्चों की मेडिकल केयर के साथ ही, अपनों की स्नेह भरी देख-भाल, स्वच्छता, स्तनपान और वैक्सीनेशन जैसी बातों को लेकर जागरुकता होनी जरूरी है।



**किसे कहते हैं न्यू बॉर्न बेबी:** आम बोलचाल की भाषा में कुछ घंटों, दिनों या एक महीने तक के बच्चे को न्यू बॉर्न बेबी यानी नवजात शिशु कहते हैं। वैसे जन्म से लेकर एक साल की उम्र नवजात अवस्था के तौर पर बच्चे की देखभाल के लिए अहम होती है। घर के बड़ों के लिए बच्चे के दुनिया में दस्तक देने के बाद का यह समय बहुत सजग रहने का होता है। इंफेंट केयर में जरा सी चूक शिशुओं को आगे के लिए भी कई परेशानियों का शिकार बना सकती है। खासकर पैरेंट्स को न्यू बॉर्न बेबी की सुरक्षा और विकास के बारे में अवेयर रहना चाहिए। ब्रेस्ट फीडिंग से लेकर वैक्सीनेशन और किसी तरह की जन्मजात तकलीफ का इलाज करवाने तक, ये शुरुआती दिन बेहद अहम होते हैं। इतना ही नहीं मौसमी बीमारियों और दूसरे इंफेक्शन से बचाने के लिए साफ-सफई का भी ध्यान रखना होता है। असल में ऐसी छोटी-छोटी गलतियों के चलते हमारे देश में आज भी इंफेंट मोरटैलिटी के आंकड़े चिंता का विषय बने हुए हैं। ऐसे में इंफेंट प्रोटेक्शन-डे हर मामले में शिशुओं की बेहतर ढंग से केयर करने से जुड़ी सतर्कता लाने का संदेश देने वाला दिन है।

**स्तनपान और स्वच्छता:** मां के दूध को तो नवजात का पहला टीका कहा जाता है। शिशु के स्वास्थ्य के लिए अमृत माना जाता है। ऐसे में जन्म के बाद बच्चे को ब्रेस्ट फीडिंग करवाना बहुत जरूरी है। इसके लिए माताओं में भी सजगता होना जरूरी है। साथ ही ब्रेस्ट फीडिंग शुरू करने में देरी हो जाए तो नवजात शिशु भी मां का दूध पीने में सहज नहीं रहता। डॉक्टर की सलाह के मुताबिक सही समय पर बच्चे को मां का दूध पिलाना शुरू कर दिया जाए तो यह न्यू बॉर्न बेबी की सेहत के लिए सुरक्षा कवच बन जाता है।

**संक्रमित होने से बचाएं:** इंफेंट प्रोटेक्शन-डे, लोगों को साफ-सफाई रखने के लिए भी चेताता है। जन्म के बाद के शुरुआती दिनों में नवजात बच्चों को कई तरह के इंफेक्शन हो सकते हैं। इनकी एक बड़ी वजह स्वच्छता न रखना भी है। हमारे यहां बड़ी संख्या में नवजात शिशुओं का जीवन डिलिवरी के दौरान या जन्म के बाद पहले चौबीस घंटों के भीतर छिन जाता है। इंफेंट मोरटैलिटी के कई कारण हैं। इन जानलेवा वजहों में जन्म के बाद संक्रमित होना भी शामिल है।

**वैक्सीनेशन और पोषण:** बच्चे के जन्म के बाद टीके लगवाने में तो कोई देरी नहीं होनी चाहिए। शिशु को नियमित डॉक्टर को दिखाने, उसके



वजन का ध्यान रखने और चिकित्सक की सलाह के मुताबिक समय-समय पर लगने वाले वैक्सीन लगवाने की प्रक्रिया फॉलो करना जरूरी है। साथ ही सही पोषण का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है। हमें अपने नवजात बच्चे की सुरक्षा को लेकर ज्यादा जागरूक रहने की जरूरत होती है। a



मेकअप
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# फॉलो करें प्रॉपर मेकअप स्टेप्स मिलेगा इंप्रेसिव-परफेक्ट लुक

अगर आप प्रोफेशनल हैं तो मेकअप सही ढंग से अप्लाई करना जरूरी होता है। लेकिन मेकअप शुरू करने से पहले आपको इसके बेसिक्स की जानकारी होनी चाहिए ताकि आप अट्रैक्टिव, इंप्रेसिव दिखें।

**क्लींजर:** मेकअप करने से पहले क्लींजर की मदद से चेहरे को साफ कर लें। आप कॉटन में टोनर लगाकर भी चेहरे को अच्छी तरह साफ कर सकती हैं। इसके बाद ही फेस स्क्रब का यूज करें क्योंकि इससे आपकी स्किन सुंदर और आप अट्रैक्टिव दिखेंगी।

**मॉयश्चराइजर:** स्किन को क्लीन करने के बाद मॉयश्चराइज करें। इसके बाद आप प्राइमर लगाएं ताकि मेकअप देर तक टिका रहे।

**आंखों को करें हाइड्रेटेड:** आंखों के आस-पास की स्किन को हाइड्रेटेड रखने के लिए आई सीरम का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। सामान्यतः हाईड्रेटिंग मॉयश्चराइजर का उपयोग कीजिए और अगर आपकी स्किन ऑयली है तो तेल की अधिक मात्रा को नियंत्रित करने के लिए मैटीफाइंग मॉयश्चराइजर का उपयोग कीजिए। अगर आपकी त्वचा पर दाग, धब्बे, मुंहासे हैं या आंखों के नीचे डार्क सर्कल हैं तो इन्हें कवर करने के लिए कंसीलर कलर करेक्टर का उपयोग करें ताकि त्वचा का रंग नेचुरल दिखे।



**लिप्स के लिए:** अगर आपकी लिपस्टिक कुछ ही समय बाद होंठों से गायब हो जाती है तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। इसके लिए कॉम्पैक्ट पावडर का इस्तेमाल करें, जो लिपस्टिक को लंबे समय तक टिकाए रखेगा। लिपस्टिक लगाने के बाद उस पर टिश्यू पेपर लगाएं। अब, अपने होंठों पर टिश्यू पेपर के ऊपर कुछ लूज कॉम्पैक्ट पावडर या एक लूज सेटिंग पावडर लगाएं। ऐसा करने से आपकी लिपस्टिक पहले की तरह सेट हो जाएगी।

**रिमूव एक्स्ट्रा ऑयल:** अगर आपकी स्किन पर एक्स्ट्रा ऑयल दिखता है तो ब्लॉटिंग पेपर का यूज कर सकती हैं। इसके यूज से स्किन से एक्स्ट्रा ऑयल को हटाया या कम किया जा सकता है।

**फाउंडेशन:** अपनी स्किन टोन के हिसाब से फाउंडेशन का यूज करें। फाउंडेशन को अपनी गर्दन पर लगाना न भूलें।

**ब्लश का यूज:** ब्लश का यूज अपनी जरूरत के अनुसार करें क्योंकि इसका ज्यादा उपयोग अननेचुरल दिखेगा। इसे अपने गालों को उभारने के लिए ही उपयोग कीजिए। ज्यादातर स्किन पर हल्का पिंक ब्लश सूट करता है।

**लिपस्टिक-लिप ग्लॉस:** अगर आपको यह महसूस हो कि मैटीफाइंग लिपस्टिक से आपके लिप्स ड्राई हो रहे हैं तो किसी लिप बाम के बाद लिपस्टिक अप्लाई करें।

**सेटिंग स्प्रे:** अपने मेकअप को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए सेटिंग स्प्रे का यूज कीजिए। लेकिन आंखों को बंद रखें और होंठों को भी कवर रखें। a

मेडिकल सजेशन
डॉ. भारती कालरा
सीनियर गायनेकोलॉजिस्ट
करनाल-हरियाणा

अपने जरूरी पर्सनल वर्क के लिए कई महिलाएं पीरियड्स को डिले करने के लिए मेडिसिन ले लेती हैं। लेकिन ऐसा करने से पहले डॉक्टर से कंसल्ट करना जरूरी है। लापरवाही हार्मफुल हो सकती है।

# डॉक्टर से कंसल्टेशन पर ही लें पीरियड्स-डिले मेडिसिन

पीरियड्स एक नेचुरल फिजिकल साइकिल है, जिससे टीनएज से 45-50 वर्ष की उम्र के बीच की हर महिला गुजरती है। लेकिन कई बार मैरिज, स्पेशल फंक्शन, सैर-सपाटे, स्टडी जैसे किसी विशेष अवसर पर कुछ महिलाएं पीरियड्स रोकने के लिए मेडिकल स्टोर में आसानी से उपलब्ध पीरियड्स डिले करने वाली हार्मोनल पिल्स ले लेती हैं। इन दवाओं के गलत डोज या साइड इफेक्ट्स की वजह से कई शारीरिक समस्याओं के साथ जीवन पर भी संकट मंडरा सकता है।



**कैसे काम करती हैं ये दवाएं:** मेडिकली देखें तो महिला के शरीर में प्रत्येक पीरियड साइकिल के दौरान प्रोजेस्ट्रॉन हार्मोन का लेवल प्राकृतिक रूप से कम हो जाता है, जिसकी वजह से यूट्रस की लाइनिंग गिरने लगती हैं और पीरियड्स शुरू हो जाते हैं। पीरियड्स-डिले पिल्स, मुख्य तौर पर दो तरह की हार्मोनल दवाइयां होती हैं, जिनमें या तो सिर्फ सिंथेटिक प्रोजेस्ट्रॉन होता है या फिर एस्ट्रोजन-प्रोजेस्ट्रॉन का मिश्रण होता है। इनके सेवन से महिला के शरीर में प्रोजेस्ट्रॉन लेवल कम नहीं हो पाता और पीरियड्स रुक जाते हैं यानी, ये दवाएं अस्थाई रूप से पीरियड साइकिल को रोककर पीरियड्स को आगे बढ़ाने का काम करती हैं। साथ ही महिलाओं के रिप्रोडक्टिव सिस्टम को रेगुलेट करने में मदद करती हैं।

**क्या होते हैं साइड इफेक्ट्स:** हालांकि ये दवाइयां सुरक्षित होती हैं, लेकिन संभावित साइड इफेक्ट से बचने के लिए इन्हें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के परामर्श पर सही तरीके और सही डोज में ही लेनी चाहिए। इन्हें लेने पर कुछ सामान्य साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं, सिर-दर्द होना, ब्रेस्ट में दर्द होना, पेट फूला-सा लगना, वजन बढ़ना, मितली-उल्टी की फीलिंग होना, पैर में दर्द, ब्लड प्रेशर बढ़ना आदि। कुछ मामलों में शरीर में हार्मोन और रक्त में मौजूद रसायनों का संतुलन गड़बड़ा जाता है। धमनियों में ब्लड क्लॉटिंग या डीप वेन थ्रोम्बोसिस होने का खतरा रहता है। हार्मोनल दवाइयों के हाई डोज से ब्लड प्रेशर और इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बिगड़ सकता है, जिससे हार्ट रेट गड़बड़ा सकता है।

**इन्हें होता है अधिक रिस्क:** पीरियड्स-डिले करने वाली दवाओं का सेवन करने में ऐसी महिलाओं को पूरी एहतियात बरतनी चाहिए, जो पीसीओएस, माइग्रेन, स्ट्रोक, ब्लड प्रेशर, लिवर, हार्ट डिजीज, डायबिटीज आदि से जूझ रही हों। a

### इन बातों का रखें ध्यान

- हार्मोन पिल्स का सेवन बिना डॉक्टर के परामर्श के न करें।
- जब तक बहुत जरूरी न हो, इन गोलियों का इस्तेमाल न करें।
- एक सप्ताह पहले ही आजमा लें ताकि यदि कोई साइड इफेक्ट हो तो उससे निपटने के लिए समय मिल सके।
- मेडिकल हिस्ट्री और ब्लड टेस्ट जरूर करवाएं। पहले से मौजूद बीमारियों जैसे लिवर, ब्लड प्रेशर, डीवीटी, हार्मोनल असंतुलन में इन्हें बिल्कुल न लें।
- कभी-कभार और डॉक्टर की निगरानी में इनका सेवन सुरक्षित है। लेकिन बार-बार इस्तेमाल शरीर के हार्मोनल संतुलन को बिगाड़ सकता है।

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा

## मां संतोषी आश्रम में कल होगा कन्या पूजन व विशाल भंडारा देशभर से उमड़ेंगे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम के दस दिवसीय रजत जयंती समारोह में श्रद्धालुओं की आस्था व निष्ठा की पराकाष्ठा देखने को मिल रही है। प्रतिदिन पंचांग पूजन, श्री लक्ष्मी महायज्ञ, वैदिक विद्वानों द्वारा किए जा रहे श्रीमद् देवी भागवत पारायण व महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता द्वारा की जा रही 108 भागवत कथा में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। इसी भांति भक्तिभाव से परिपूर्ण नृत्य नाटिका में भी भक्तों की कोई सीमा नहीं रहती। 108 श्रीमद् देवी भागवत कथा के सातवें दिन महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता ने जगत जननी मां जगदंबा को प्रसन्न करने के तीन उपाय बताए। उन्होंने कहा कि मनुष्य ज्ञान मार्ग, कर्म मार्ग व भक्ति मार्ग से मां जगदंबा की अनुकंपा प्राप्त कर सकता है लेकिन इनमें से मां का जो प्रिय मार्ग है, वह भक्ति मार्ग है।

# आराधना के अनेक मार्ग लेकिन मां भगवती को भक्ति मार्ग सबसे प्रिय : संतोषी माता

### यह रहे मौजूद

कथा के सातवें दिन पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, समाजसेवी सरोज अग्रवाल, सीए एस. पी. गोयल, राकेश बंसल व प्रदीप गोयल बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर अशोक बंसल, नरेश मूलचंदानी, रतन शर्मा, भजनलाल शर्मा, शीला शर्मा, बिनु सेठी, राजमल काजल, मदनलाल गोयल व लोकनाथ सिंगल आदि भी मौजूद रहे।

### रजत जयंती समारोह में भक्ति की शक्ति नृत्य नाटिका से दर्शकों ने देखे भक्ति के विविध आयाम


हिसार। मां संतोषी आश्रम में श्रीमद् देवी भागवत कथा में उपस्थित महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता व श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### यह हो रहे आयोजन

सातवें दिन ही नागपुर के प्रसिद्ध निर्देशक व संचालक उज्ज्वल खाकोलिया ने कोलकाता के कलाकारों के साथ मिलकर भक्ति में शक्ति नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। 4 नवंबर को इसी मंडली द्वारा महिषासुर मर्दिनी विषय पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत करके मां की महिमा का गुणगान किया जाएगा। 4 नवंबर को पंचाग पूजन, श्री लक्ष्मी महायज्ञ, वैदिक विद्वानों द्वारा श्रीमद् देवी भागवत परायण व श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन जारी रहेगा। 5 नवंबर को कथा विश्राम, पूर्ण आहूति, कन्या पूजन व भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## भाषण स्पर्धा में जैन स्कूल की छात्रा को प्रथम पुरस्कार



हिसार। हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में श्री परशुराम शिक्षा मठ, ब्राह्मण धर्मशाला जहाजपुल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों की कविता प्रतियोगिता एवं कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों की भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। सभी विद्यार्थियों द्वारा अच्छा प्रदर्शन किया गया। इसमें जैन स्कूल की 12वीं की छात्रा नैना पुत्री सुभाष चंद्र ने प्रथम स्थान प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में हरियाणा के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति, परंपरा, वीरता और विकास के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने हरियाणा के वीर सपूतों के बलिदान, हरियाणा की संस्कृति एवं परंपरा, हरियाणा के किसान जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति ने सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### 30वें दिन हांसी विधानसभा के विश्रामगृह से यात्रा की शुरुआत की

# सद्भाव यात्रा ने दिया सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश

समाज को बांटने की कोशिशें की जा रही हैं, उनके खिलाफ जागरूकता फैलाना हमारी जिम्मेदारी : बृजेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में हरियाणा भर में चल रही सद्भाव यात्रा ने आज अपने 30वें दिन हांसी विधानसभा के विश्रामगृह से शुरुआत की। यह यात्रा उमरा गेट, छाबड़ा चौक, लाम्बा बाजार, चौपटा, बड़सी, अंबेडकर चौक, बस स्टैंड, श्री काली देवी चौक, सचिवालय, ढाणी पीर वाली होते हुए ढाणी पिरान पहुंची। उन्होंने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने कांग्रेस नेता प्रेम सिंह मलिक के आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा, सद्भाव यात्रा अब तक लगभग 400 किलोमीटर का सफर तय कर चुकी है और हर गांव, कस्बे व शहर से लोगों का अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का मकसद है समाज में सद्भाव, सामाजिक एकता और संवाद को मजबूत करना। समाज को बांटने की जो कोशिशें की जा रही हैं, उनके खिलाफ जागरूकता फैलाना हमारी जिम्मेदारी है।

### एक अभियान

उन्होंने कहा कि यह यात्रा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जनता से जोड़ने का एक अभियान है। अगर समाज को तोड़ने वालों का मुकाबला शुरू में ही न किया जाए तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाती है। इसलिए यह यात्रा समय की मांग थी, चुनाव की नहीं। पूर्व मंत्री संपत सिंह द्वारा पार्टी छोड़ने पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर इनेलो की रैली में जाने से पहले बात होती तो स्थिति अलग होती। उन्होंने कहा कि हमारी यात्रा ने यह दिखाया है कि विपक्ष सक्रिय है और जनता के बीच है।


हांसी। कांग्रेस नेता प्रेम सिंह मलिक के आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह।

**नेताओं का किया स्वागत**

इस अवसर पर पूर्व मंत्री अत्तर सिंह सैनी, पूर्व मंत्री सुभाष गोयल, प्रेम मलिक, गायत्री यादव, महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव डा. साक्षी मान, युवा कांग्रेस ग्रामीण ब्लॉक प्रधान अजय बेरवाल, शहरी ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश, दलबीर गांधी, जींद महिला कांग्रेस अध्यक्ष लाजवंती दाहोला, जगदीश मान, उदयवीर पूनिया, प्रविंद्र सेहरावत, अमित काजल, अशोक सिवाच और रामहेर दनोदा सहित आदि मौजूद थे।

# आंगनवाड़ी सुपरवाइजर वेलफेयर एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन


नारनौंद। सुपरवाइजर मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

- पिछले काफी समय से हमारी मांगे लंबित चली आ रही

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौंद

आईसीडीएस सुपरवाइजर वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से मांगों को लेकर सीडीपीओ को ज्ञापन सौंपा गया। सुपरवाइजर गरिमा शर्मा, मंजू, सुशीला, कमलेश, सुनीता दुहन, सुषमा इत्यादि ने बताया कि पिछले काफी समय से हमारी मांगे लंबित चली आ रही है जिनमें दो सुपरवाइजर की पदोन्नति जो कि विभाग द्वारा रुकी हुई है।

उनकी सूची जल्द जारी की जाए। सामान की सप्लाई सुपरवाइजर द्वारा ट्रैकों में बैठकर करवाना बेहद असुरक्षित है। यह पूर्णत सप्लायर की जिम्मेदारी से करवाई जाए। मेवात में तैनात सुपरवाइजरों को दस हजार रुपये प्रतिमाह मेवात भत्ता दिया जाए। जो सुपरवाइजर 10 साल से घरों से काफी दूर है।

उनका तबादला घरों के नजदीक जिला में किया जाए। ब्लॉक स्तर पर तैनात सुपरवाइजर को पोस्ट के अतिरिक्त कोई काम न दिया जाए। वर्कर और हेल्पर के पद भी जल्द भरे जाए।

## खबर संक्षेप



### स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए लगेंगे मेले

**हिसार।** स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने एवं स्वदेशी विचारधारा को बल प्रदान करने के लिए स्वदेशी जागरण मंच ने कमर कस ली है। अन्य संगठनों के सहयोग से वोकल फॉर लोकल का नारा बुलंद करते हुए प्रदेश के हर जिले में स्वदेशी मेलों का आयोजन किया जाएगा। स्वदेशी जागरण मंच के प्रांतीय संयोजक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि भिवानी में आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक में निर्णय लिया गया कि स्वदेशी जागरण मंच स्वदेशी सोच को बढ़ाने के साथ-साथ हर जिले में आयोजित होने वाले गीता जयंती महोत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेगा। हरियाणा के स्वदेशी मेला प्रांतीय प्रमुख अनिल गोयल ने बताया कि प्रांतीय बैठक मे स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संगठक कश्मीरी लाल, सह संगठक सतीश कुमार, उत्तर क्षेत्र सह संयोजक सतेंदर सरोत सहित प्रांत के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सीए धर्मपाल सर्राफ की स्मृति में जांच शिविर

**हिसार।** दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में स्वर्गीय सीए धर्मपाल सर्राफ के 100वें जन्मदिवस पर उनकी स्मृति में निशुल्क नेत्र जांच शिविर व फ्री नेत्र ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जरूरतमंद लोगों की आंखों की निशुल्क जांच की गई और 25 लोगों की आंखों के सफेद मोतियाबिंद के ऑपरेशन निशुल्क किए गए। इसके साथ ही यथासंभव दवाइयां भी फ्री उपलब्ध करवाई गई। 7 नवंबर को दूसरे चरण का नेत्र ऑपरेशन शिविर लगाया जाएगा। इसके लिए निशुल्क पंजीकरण करवाया जा सकता है।

शिविर के दौरान स्व. सीए धर्मपाल सर्राफ के पुत्र सीए प्रीतिपाल सर्राफ व पोते विवेक सर्राफ एवं परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान विवेक सर्राफ ने दिव्यांग केंद्र का अवलोकन करके यहां चल रहे स्वास्थ्य संबंधी व सामाजिक सरोकारों से जुड़े सेवा कार्यों की जानकारी ली।

### बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर चयन

## महेंद्रगढ़ की दिवाक्षी अब बॉलीवुड फिल्म में आएगी नजर

*आरपीएस महेन्द्रगढ़ की दिवाक्षी का कला एक संघर्ष नामक बॉलीवुड फिल्म में क्लासिकल डांस के लिए हुआ चयन*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोद की 9वीं कक्षा की छात्रा दिवाक्षी का चयन बॉलीवुड मूवी कला एक संघर्ष में क्लासिकल डांस के लिए किया गया है। यह फिल्म नृत्य और संघर्ष पर आधारित है और दिवाक्षी का चयन इस फिल्म के लिए उनकी बेहतरीन परफॉर्मेंस के आधार पर हुआ। दिवाक्षी ने एक नवंबर को दिल्ली में आयोजित आडिशन में भाग लिया था, जहां फिल्म के डायरेक्टर मिस्टर अली रॉय और सपना सिंह ने उनकी नृत्य प्रस्तुति की सराहना करते हुए उन्हें फिल्म में शामिल करने का निर्णय लिया। महेंद्रगढ़ निवासी दिवाक्षी की सफलता की कहानी न केवल उनके नृत्य कौशल, बल्कि उनकी निरंतर मेहनत और समर्पण का परिणाम है। दिवाक्षी के पिता दीपक व माता ज्योति ने बताया कि वह बचपन से ही नृत्य में रुचि रखती थीं। ढाई साल की उम्र में ही दिवाक्षी ने स्टेज पर नृत्य प्रस्तुतियां देना शुरू कर दिया था। उन्होंने नेशनल यूनियन क्लासिकल डांसर का खिताब भी जीता है और राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया है।


महेंद्रगढ़। छात्रा को बधाई देती डॉ. पवित्रा राव। फोटो: हरिभूमि

### परिवार का नाम रोशन किया

प्रदर्शन ने न केवल अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि उन्होंने अपने गांव और समाज में भी कला के प्रति जागरूकता और सम्मान बढ़ाया है। फिल्म कला एक संघर्ष में दिवाक्षी के साथ बॉलीवुड के अभिनेता मुस्ताक खान, प्रदीप कावरा, इकरार मल्लिक (यू-ट्यूबर) और डीआईडी के द्वितीय विजेता हरुण राव भी महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे हैं। यह फिल्म नृत्य की कठिनाइयों और संघर्षों को दर्शाते हुए एक प्रेरणादायक कहानी प्रस्तुत करती है। दिवाक्षी का इस फिल्म में अभिनय करना उनके लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उनके कला करियर को एक नई दिशा देगा।

### डॉ. रोज़ ने संभाला अधिष्ठाता का कार्यभार

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), के पशु चिकित्सा महाविद्यालय कॉलेज के नए अधिष्ठाता के रूप में प्रो. (डॉ.) मनोज कुमार रोज़ की नियुक्ति की गई है। उनकी नियुक्ति डॉ. गुलशन नारंग के सेवानिवृत्त होने के उपरांत की गई है। डॉ. मनोज रोज़ वर्तमान में डीन, पोस्ट ग्रेजुएट स्टडीज़ (पीजीएस) का कार्यभार भी संभाल रहे हैं। डॉ. मनोज कुमार रोज़, वेटरनरी फिजियोलॉजी एंड बायोकैमिस्ट्री विभाग में प्रोफेसर हैं और वर्ष 1995 से विश्वविद्यालय में अध्यापन एवं अनुसंधान कार्य में संलग्न हैं। उन्होंने वर्ष 2005 में यहां के हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। अब तक उन्होंने लगभग 50 शोध प्रकाशन, 9 शोध परियोजनाएं, तथा कई समीक्षा लेख प्रकाशित किए हैं। डॉ. रोज़ को उनकी उत्कृष्ट शिक्षण



# एनएसएस वॉलिंटियर्स ने मनाया शहीदी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

सुशीला भवन के नजदीक स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एनएसएस वॉलिंटियर्स ने गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस मनाया। स्कूल की ओर से बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए उनके बीच निबन्ध व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को


हिसार। प्रतियोगिता में हिस्सा लेते वालंटियर। फोटो : हरिभूमि

### यह रहे मौजूद

एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी संतोष ओला ने कहा कि गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल के वॉलिंटियर्स ने 31 अक्टूबर को आयोजित की गई पदयात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। इसके अलावा वॉलिंटियर्स समय-समय पर स्कूल प्रांगण में स्वच्छता के लिए श्रमदान करते रहते हैं और नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाते रहते हैं। एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी के अलावा अन्य प्राध्यापकों में अनिल चंद्र पांडे, किरण रानी, शकुन्तला रानी, अनीता रानी, सुमित्रा रानी, सुनीता रानी व सुरेन्द्र उपस्थित थे।

## मानव उत्थान सेवा समिति ने मनाई श्री हंस एवं गुरू नानक देव जंयती

**हिसार।** मानव उत्थान सेवा समिति की कैमरी रोड स्थित स्थानीय इकाई के तत्वाधान में परम योगी श्री हंस जी महाराज की 125वीं व गुरू नानक देव जी की 556वीं पावन जयंती के उपलक्ष्य में श्री हंस सेवा मंदिर में महात्मा गौरा बाई की देखरेख एवं दिशा निर्देशन में सत्संग व भंडारे का आयोजन किया गया। सभी महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण व सादर नमन के पश्चात भजनों व सत्संग का शुभारंभ हुआ। आश्रम प्रभारी महात्मा गौरा बाई ने सर्वप्रथम श्रद्धेय श्री हंस जी महाराज की जयंती और प्रकाश पर्व की सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी। सत्संग के अंत में महात्मा निरंजनी बाई जी ने बधाई गीत गाए और सभी भक्तों ने भाव विभोर होकर मस्ती में झूमना शुरू कर दिया।

## सात्विक लंगर प्रसाद ग्रहण करके निहाल हो गए साधक

**हिसार।** समरसता, समानता व भाईचारे के संदेश के साथ ओशो ध्यान उपवन में गुरु नानक जयंती मनाते हुए लंगर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर इक ओंकार सतनाम मेडिटेशन शिविर का समापन समारोह भी आयोजित किया गया। मेडिटेशन कैंप व गुरु नानक जयंती समारोह के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि दो दिवसीय शिविर व लंगर प्रसाद के दौरान काफी संख्या में साधक उपस्थित रहे। स्वामी संजय ने बताया कि ओशो ध्यान उपवन में गुरु नानक जयंती को पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। साधकों ने एकसाथ रहते हुए सामंजस्य व अपनेपन का एहसास किया। उन्हें ध्यान साधना के साथ ही विभिन्न प्रकार के तनाव रहित करने वाले खेल खेलने का भी अवसर मिला।

## गुरु दक्ष राजकीय पॉलिटेक्निक के 49 छात्रों को मिला कैंपस प्लेसमेंट


हिसार। प्रधानाचार्य पारितोष पाराशर व स्टाफ सदस्यों के साथ चयनित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**हिसार।** गुरु दक्ष राजकीय पॉलिटेक्निक के फैशन टेक्नोलॉजी डिप्लोमा बैच 2023-2026 के 49 छात्रों का पयोगिनम प्राइवेट लिमिटेड, आईएमटी मानेसर, गुरुग्राम में डिप्लोमा इंजीनियर ट्रेनी पदों के लिए सफलतापूर्वक चयन हुआ। इस अवसर पर कंपनी के मानव संसाधन विकास प्रबंधक अशोक यादव और मानव संसाधन विकास कार्यकारी जितेंद्र यादव ने छात्रों से बातचीत करने और चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए संस्थान का दौरा किया। प्रधानाचार्य पारितोष पाराशर ने कहा कि यह हमारे छात्रों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है कि इतने सारे छात्रों का इस प्रतिष्ठित कंपनी में चयन हुआ है। हम पयोगिनम प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रदान किए गए अवसरों के लिए आभार व्यक्त करते हैं और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। टीपीओ, डॉ. मुकेश बंसल ने कहा कि ऐसे चयन हमारे प्रशिक्षण और शिक्षा की गुणवत्ता के प्रमाण हैं। हम उद्योग और छात्रों के बीच इस मजबूत रिश्ते को बनाए रखेंगे।

**सूचना**

मैं, दलीप सिंह पुत्र श्री बंशी निवासी गांव सीसवाल, तहसील आदमपुर, जिला हिसार बयान करता हूं कि मेरा पुत्र संदीप कुमार व उसकी पत्नी शान्ति देवी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गुराणा की कण्डम इमारत पशु हस्पताल, आंगनबाड़ी केन्द्र नजदीक बाल्मीकि चौपाल, पुराना पंचायत घर की खुली नीलामी दिनांक 12-11-2025 को गांव में पंचायत घर में सुबह 11 बजे करवाई जाएगी। सिक्योरिटी राशि बीस हजार रूपए होगी। शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी।

प्रमोद कुमार, ग्राम सचिव, गुराणा, 94676 070 77
राम अवतार, सरपंच ग्राम पंचायत, गुराणाखंड बरवाला (हिसार), 98122 137 00

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत आदर्श गांव चूली बागड़ियान में सुखे पेड़ों की नीलामी दिनांक 7.11.2025 को सुबह 10 बजे ग्राम सचिवालय में की जाएगी। बोलीदाता समय पर पहुंच कर बोली दे सकता हैं। बाकी शर्ते मौके पर बता दी जाएगी।

सरपंच, राजेश कुमारी, मो. 9466111000
ग्राम सचिव विशाल डेलू

### स्पर्धा में सैंट मैरी स्कूल की टीम ने मारी बाजी

# इंडस आरपीएस स्कूल में भारत जानो प्रतियोगिता

कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान होली एंजेल स्कूल, द्वितीय स्थान सेंट मैरीज़ स्कूल और तृतीय स्थान पर गुरु नानक देव स्कूल रहा।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

भारत विकास परिषद वीर शाखा द्वारा इंडस आरपीएस स्कूल के सभागार में भारत को जानो प्रतियोगिता व गुरु वंदन–छात्र अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।

भारत को जानो प्रतियोगिता के परिणाम वरिष्ठ वर्ग में प्रथम सेंट मैरी स्कूल, द्वितीय डीपीएस, तृतीय आईडीएवी जबकि कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान होली एंजेल स्कूल, द्वितीय स्थान सेंट मैरीज़ स्कूल, और तृतीय स्थान पर गुरु नानक देव स्कूल रहा।



हिसार। स्मृति चिन्ह देते भाविप वीर शाखा के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता वंदन से

शाखा अध्यक्ष डॉ. रमेश आर्य ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता वंदन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में जेएनबी इंडस्ट्रीज के एमडी राकेश बंसल ने शिरकत की और कहा कि भाविप की वीर शाखा वर्ष भर सेवा के कार्यों में संलग्न रहती है। बंसल ने कहा कि भारत विकास परिषद में 'सेवा' केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह संगठन का प्राण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता हुकुमचंद गोयल प्रांतीय गतिविधि संयोजक, संस्कार ने की जबकि पर्यवेक्षक के तौर पर कमल बंसल पूर्व अध्यक्ष, शाखा आदमपुर रहे। यह प्रतियोगिता इंडस आरपीएस स्कूल के प्राचार्य डॉ. एससी राजपूत, महिपाल यादव व ऋषि राज बुडाकिया की गरिमामयी उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता भिवानी रोहिल्ला में 6 से

**हिसार।** भिवानी रोहिल्ला गांव में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 7 नवम्बर तक किया जाएगा। इसमें हिसार ब्लॉक प्रथम व द्वितीय से खिलाड़ी शामिल होंगे। यह कार्यक्रम मेरा युवा भारत हिसार एवं आजाद हिन्द युवा क्लब गांव किरतान एवं ग्राम पंचायत भिवानी रोहिल्ला द्वारा करवाया जाएगा। मेरा युवा भारत जिला अधिकारी कोमल ने बताया कि प्रतियोगिता में 15 से 29 साल के खिलाड़ी बच्चे शामिल कोंगे। उन्हें आईडी व फोटो लाना होगा। इस दौरान लड़कियों की कबडडी, रस्साकशी, लड़कों की 400 मीटर की रेस और लॉन्ग जंप में महिला व पुरुष दोनों शामिल है।

# गांव डोभी में शराब ठेका बंद कराने के लिए डीसी के दरबार पहुंचे ग्रामीण

**समाधान शिविर का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में सोमवार को उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके निवारण के लिए आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

समाधान शिविर में गांव डोभी में सुंडावास, खारिया और बालसमंद की तरफ जाने वाले रास्ते के चौराहे पर खुले शराब के ठेके को बंद करवाने बारे ग्रामीणों ने अपनी शिकायत समाधान शिविर में रखीं, जिस पर उपायुक्त ने आबकारी विभाग के अधिकारियों को मौका मुआयना करने उपरांत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं बहबलपुर निवासी प्रवीन कुमार द्वारा दुकान के आगे से अवैध कब्जे हटवाने की शिकायत पर उपायुक्त ने एनएचएआई के अधिकारियों को मामले की जांच कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। विजय कॉलोनी निवासी पुष्पा रानी ने इंतकाल करवाने, सुल्तानपुर निवासी नरेश कुमार द्वारा पेटवाड़ डिस्ट्रीब्यूटरी की बघाना माइनर की नाली के नाके लगवाने तथा घुड़साल माइनर की सफाई करवाने के अतिरिक्त कुर्की आदेश हटवाने, सीवरेज ठीक करवाने, पानी सप्लाई ठीक करवाने, अवैध कब्जे हटवाने, एमएफएमबी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन रद्द करवाने आदि शिकायतें समाधान शिविर में प्राप्त हुई जिन पर उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को जांच उपरांत आगामी कार्यवाही करने की हिदायत दी गई।

**खास बातें**

- डीसी यादव ने आबकारी विभाग के अधिकारियों को दिए मौके का मुआयना कर आगामी कार्रवाई के निर्देश
- समाधान शिविर में उपायुक्त अनीश यादव ने सुनीं समस्याएं

## पानी व सीवरेज समस्या संबंधी कई शिकायतें आईं

**समाधान पोर्टल पर अपलोड करें रिपोर्ट**

उपायुक्त अनीश यादव ने विभाग अनुसार समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की और अधिकारियों को जल्द से जल्द इन शिकायतों के समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान पोर्टल पर एक्शन टेकन रिपोर्ट अवश्य अपलोड करना सुनिश्चित करें। समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा, एसडीएम ज्योति मित्तल, नगराधीश हरिराम, डीएसपी तनुज शर्मा, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



**हिसार।** समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करते उपायुक्त अनीश यादव। *फोटो : हरिभूमि*

## समाधान शिविर में नायब तहसीलदार ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**हांसी।** संयुक्त कार्यालय परिसर में सोमवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नायब तहसीलदार सुरेश कुमार ने नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समाधान के लिए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। शिविर में गांधी कॉलोनी निवासी सरोज तथा चार कुतुब गेट निवासी विनोद ने बुढ़ापा पेंशन बनवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। नायब तहसीलदार ने उनके दस्तावेजों का निरीक्षण कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर पेंशन स्वीकृत करने के निर्देश दिए। शिविर में भाटला निवासी उदयवीर ने अपनी शिकायत प्रस्तुत करते हुए कहा कि उसे मनरेगा योजना के तहत किए गए कार्य की मजदूरी नहीं मिली। इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए नायब तहसीलदार ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को तुरंत मामले की जांच करने के निर्देश दिए। इसके अलावा परिवार पहचान पत्र में आय कम करवाने से संबंधित आवेदन भी शिविर में प्राप्त हुए। शिविर में एसडीएम कार्यालय से अधीक्षक धर्मवीर सिंह तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जागरुकता वैन को किया रवाना

**हिसार।** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित किए जाने को लेकर जागरूकता वैन को जिला विधिक प्राधिकरण के चेयरमैन तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश अलका मलिक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लघु सचिवालय के निकट स्थित एडीआर सेंटर से जागरूकता वैन को जिला विधिक प्राधिकरण चेयरमैन ने रवाना किया।

### डॉ. सुरेंद्र ने संभाला जाट कॉलेज प्राचार्य का पद

**हिसार।** छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज में प्राचार्य डॉ सुरेन्द्र कुमार बाजिया ने सोमवार को कार्यभार संभाला। यह जानकारी देते हुए जाट शिक्षण संस्था के पदाधिकारी एवं मीडिया प्रभारी हर्ष बामल ने बताया कि जाट कॉलेज हिसार में 32 साल के बाद स्थाई प्राचार्य की नियुक्ति हुई है। इससे पहले 1993 में प्रो. इंदर सिंह ने स्थाई प्राचार्य के तौर पर कार्यभार संभाला था।

### एसपी शशांक सावन ने किया परेड का निरीक्षण

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने जिला पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण से पूर्व पुलिस अधीक्षक को परेड सलामी दी गई। पुलिस अधीक्षक ने परेड का सूक्ष्म निरीक्षण करते हुए जवानों की वर्दी, अनुशासन और प्रशिक्षण स्तर का जायजा लिया। निरीक्षण उपरांत उन्होंने शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड करवाई और पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए।

### श्री श्याम मंदिर में तुलसी विवाह का आयोजन

**हिसार।** श्री श्याम मंदिर सेक्टर 16-17 में महिला श्रद्धालुओं द्वारा तुलसी रानी के विवाह उत्सव का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में शामिल महिलाओं ने आज तो बधाई बाजे रंग महल में, तुलसी रानी का विवाह है सब बधाई गाओ रे आदि विवाह के गीत गाकर तुलसी रानी का विवाह शालीग्राम स्वरूप मे भगवान विष्णु संग सम्पन्न करवाया। विधि विधान के साथ पूर्ण अनुष्ठान किया गया।

### प्रदेश में जीवित वीरांगनाओं की मांगी सूची

**हिसार।** नेता जी सुभाष जन कल्याण संगठन के तत्वावधान में स्वतंत्रा संग्राम के सेनानियों एवं उत्तराधिकारियों की मासिक बैठक जिंदल पार्क में हुई। अध्यक्ष अंजनी शर्मा ने बताया स्वतंत्रता सेनानी परिवार से खजान सिंह पनिहार के माध्यम से नलवा से विधायक रणधीर पनिहार ने पूरे प्रदेश के स्वतंत्रता सेनानियों की जीवित वीरांगनाओं की सूची मांगी है।

### स्मॉल वंडर के छात्रों ने गुरुद्वारे में की अरदास

**हिसार।** सेक्टर-15 स्थित स्मॉल वंडर के विद्यार्थियों को प्रकाश उत्सव पर्व के उपलक्ष्य पर गुरूद्वारा में ले जाकर पाठ व कीर्तन सुनवाया गया। कक्षा नर्सरी से 5वीं तक के सभी छात्रों ने सिर पर रूमाल बांधकर व दिल में विश्वास व श्रद्धा रखकर गुरूद्वारे में माथा टेका। वहां पर उन्हें बताया गया कि गुरू पर्व क्यों मनाते हैं। गुरू नानक देव जी जो सिक्ख धर्म के पहले गुरू थे, उनके जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर प्रकाश उत्सव मनाते हैं।

## जिलास्तरीय युवा महोत्सव का आगाज

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियां व साइंस मेला रहा आकर्षण का केंद्र

**हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में हुआ आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



**हिसार।** कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देतीं छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा सरकार के युवा मामले एवं कौशल विभाग, नेहरू युवा संगठन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सोमवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में युवा महोत्सव का आगाज हुआ। इस अवसर पर प्रातःकालीन सत्र के दौरान नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त डॉ प्रदीप कुमार हुड्डा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की प्राचार्या प्रेम किरण तथा संयोजक लक्ष्मण श्योराण ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। जिला के सभी सरकारी आईटीआई एवं अन्य शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य और निर्णायक मंडल के साथ-साथ कार्यक्रम में पहुंचे प्रतिभागियों का अभिनंदन किया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि तथा निर्णायक मंडल का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। मंच का संचालन प्रमोद मोर, सदानंद तथा डॉ प्रवीण द्वारा किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों द्वारा आयोजित साइंस मेले का भी अवलोकन किया। उप जिला शिक्षा अधिकारी विजेंद्र सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम के सायं कालीन सत्र के दौरान तहसीलदार डॉ अनिल बिढ़ान ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर लक्ष्मण श्योराण ने बताया कि सोमवार को हरियाणवी ग्रुप डांस, एकल डांस, पेंटिंग, फोटोग्राफी, विज्ञान मेला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और 04 नवंबर को कविता गायन, कहानी लेखन तथा सामूहिक लोक गायन का आयोजन किया जाएगा।

**यह रहे मौजूद**

इस अवसर पर संस्थान की प्राचार्या प्रेम किरण, लक्ष्मण श्योराण संयोजक, बरवाला आईटीआई के प्राचार्य प्रवीण डाबला, नलवा आईटीआई के प्राचार्य सुनील सचदेवा, उप प्राचार्य हिसार हरपाल सिंह, बरवाला आईटीआई के उप प्राचार्य नीरज लीखा, हरियाणवी कलाकार प्रदीप बूरा, सुमित कुमार, ललित कुमार, राजपाल यादव, रितु मेहता, अधीक्षक राजवीर सिंह तथा अन्य सभी स्टाफ मेंबर मौजूद रहे।

# श्री कृष्णा प्रणामी स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला स्तर पर किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं की छात्रा लक्षिता ने द्वितीय स्थान हासिल किया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी



**हांसी।** जिलास्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्कूल प्राचार्य अनिल व मुख्याध्यापिका पिंकी यादव।

जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल, हांसी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा लक्षिता ने द्वितीय स्थान, क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में कक्षा पांचवीं की छात्रा मन्नत ने तृतीय स्थान, फन गेम्स प्रतियोगिता में कक्षा बारहवीं की छात्रा सोनम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकल गायन प्रतियोगिता में कक्षा सातवीं के छात्र आयुष्मान ने तृतीय स्थान तथा लेखन प्रतियोगिता में कक्षा पांचवीं की छात्रा योगिता ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल और अभिभावकों का नाम रोशन किया।

इस अवसर पर विद्यालय चेयरमैन राजपाल यादव, सचिव सत्यवान यादव, प्राचार्य अनिल कुमार एवं मुख्याध्यापिका पिंकी यादव ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### अत्याचारों के खिलाफ मिलकर लड़ाई लड़ेंगे

**हिसार।** वीर वाल्मीकि जागृति मंच की बैठक शिव कॉलोनी स्थित कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष बृजमोहन गिल ने की। सभी सदस्यों ने संगठन बढ़ाने की बात कहते हुए समाज पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ लड़ाई लड़ने का प्रण लिया। प्रदेश अध्यक्ष बृजमोहन गिल ने कहा कि आज प्रदेश के हर क्षेत्र में समाज पर अत्याचार हो रहे हैं। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष आकाश बिडलान, गौरव भीम, राजेन्द्र बागड़ी, सुशील टांक, राजेश भक्त, दिनेश सारसर, बिल्लू, मुकेश, दीपू, अर्जुन बोत, सावन, रोहित मौजूद रहे।

## संस्कृत अध्यापक एसो. का पुनर्गठन 9 को

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



आचार्य मुरलीधर पांडेय।

हरियाणा राजकीय संस्कृत अध्यापक एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन 9 नवम्बर को राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल जहाजपुल में किया जाएगा। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष आचार्य मुरलीधर पांडेय ने बताया कि जिला संस्कृत अध्यापक एसोसिएशन के सदस्यों से विचार विमर्श के बाद चुनाव प्रक्रिया के लिए 9 नवम्बर को बैठक होगी जिसमें जिला इकाई का पुनर्गठन किया जाएगा। उन्होंने सभी जिले के सभी संस्कृत अध्यापकों से अनुरोध किया है कि चुनावी प्रक्रिया में भाग लेकर संगठन को मजबूत करने की दिशा में भागदारी करें।

# 800 मीटर में अनु दौड़ी सबसे तेज

**राजकीय महाविद्यालय में 17वीं वार्षिक एथलेटिक खेलकूद चैंपियनशिप**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बरवाला



**बरवाला।** विजेता छात्राओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि, प्राचार्य व अन्य।

राजकीय महाविद्यालय में 17वीं वार्षिक एथलेटिक खेलकूद चैंपियनशिप 2025–26 का शुभारंभ अत्यंत उत्साह, जोश और खेल भावना के साथ हुआ। चैंपियनशिप में मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय महाविद्यालय, उकलाना प्राचार्या रेखा सलूजा ने शिरकत की और अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सत्यपाल सिंह ने की।

खेल प्रभारी डॉ. रघु महेंद्र ने बताया कि खेल चैंपियनशिप के परिणाम 800 मीटर दौड़ ( लड़कियों) में प्रथम स्थान छात्रा अनु बीए तृतीय वर्ष और द्वितीय स्थान छात्रा तनिषा बीए प्रथम वर्ष तथा तृतीय स्थान छात्रा सिमरन एम.कॉम अंतिम वर्ष ने प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ (लडकों ) में प्रथम स्थान दीपक बीए प्रथम वर्ष और द्वितीय स्थान छात्र अभिषेक बीए प्रथम वर्ष तथा तृतीय स्थान छात्र रामदेव बीए प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। लम्बी कूद लॉन्ग जंप (लड़कियों) में प्रथम स्थान छात्रा सिमरन एम.कॉम अंतिम वर्ष और द्वितीय स्थान छात्रा तनिषा बीए प्रथम वर्ष तथा तृतीय स्थान छात्रा गोमती बी.ए. द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। ऊंची कूद ( लड़कों) में प्रथम स्थान छात्र प्रवीण बी काम प्रथम वर्ष और द्वितीय स्थान छात्र प्रिंस बीए द्वितीय वर्ष तथा तृतीय स्थान छात्र कपिल बीए तृतीय ने प्राप्त किया।

**लम्बी कूद में अभिषेक ने बाजी मारी**

लम्बी कूद ( लड़कों) में प्रथम स्थान छात्र अभिषेक बीए प्रथम वर्ष और द्वितीय स्थान छात्र दीपक बीए प्रथम वर्ष तथा तृतीय स्थान छात्र कपिल बीए तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। ऊंची कूद ( लड़कियों ) में प्रथम स्थान छात्रा तनिषा बीए प्रथम वर्ष और द्वितीय स्थान छात्रा अनु बीए तृतीय वर्ष तथा तृतीय स्थान छात्रा सिमरन एम.कॉम अंतिम वर्ष ने प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ (लडकियों) में प्रथम स्थान छात्रा तनिषा बी.ए. प्रथम वर्ष और द्वितीय स्थान छात्रा अन्नू बी.ए. द्वितीय वर्ष तथा तृतीय स्थान छात्रा गोमती बी.ए. द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ (लडकों) में प्रथम स्थान छात्र दीपक बी.ए. प्रथम और द्वितीय स्थान छात्र अभिषेक बी.ए. प्रथम तथा तृतीय स्थान छात्र रमन बी.ए. प्रथम ने प्राप्त किया।

## लक्ष्मीबाई कॉलेज में वैज्ञानिक वर्कशॉप 6 नवंबर से

**हिसार।** महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के अंतर्गत सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिसिनल एंड एरोमैटिक प्लांट्स (सीआईएमएपी), लखनऊ द्वारा 6 व 7 नवबंर को एक दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज, भिवानी रोहिल्ला में संपन्न होगा और इस तरह सीएसआईआर का अरोमा मिशन गांवों तक पहुंचेगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती, अगरबत्ती निर्माण और सुगंधित उत्पादों के निर्माण से संबंधित कौशल सिखाकर आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज चेयरमैन भारत भूषण प्रधान के द्वारा किया जाएगा। कार्यशाला के आयोजन में सन्त सांगानेरिया, एम.डी., अल्ट्रा इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली का विशेष सहयोग रहेगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इत्र क्षेत्र के अग्रणी उद्योगपति सांगानेरिया का कहना है कि वे हरियाणा के ग्राम्यांचल में खुशबू निर्माण को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भरता के अवसर उत्पन्न करना चाहते हैं। सीएसआईआर सीएमएपी लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रमेश कुमार श्रीवास्तव, डॉ. आलोक कालरा, डॉ. राजेश कुमार वर्मा और डॉ. संजय कुमार कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में मार्गदर्शन देंगे। दोनों दिनों में प्रतिभागियों को औषधीय और सुगंधित पौधों की वैज्ञानिक खेती, अरोमा मिशन, अगरबत्ती, धूपबत्ती एवं सुगंधित मोमबत्ती निर्माण की तकनीक तथा हरियाणा की जलवायु के अनुरूप उपयुक्त पौधों की प्रजातियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने बताया कि यह कार्यशाला कॉलेज छात्राओं, ग्रामीण महिलाओं और प्रगतिशील किसानों के लिए वरदान सिद्ध होगा।

# 'भारत को जानो' जूनियर वर्ग में आरपीएस स्कूल रहा प्रथम



**हांसी।** भारत को जानो प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते भाविप सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

**बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

बाबा बंदा बहादुर स्कूल में भारत विकास परिषद शाखा हांसी द्वारा भारत को जानो प्रतियोगिता व गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रविंद लोहान चेयरमैन हरियाणा कृषि यंत्र निर्माता एसोसिएशन हरियाणा कृषि हरियाणा ने मुख्यातिथि तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय सेवा सचिव कमलेश गर्ग ने की और पर्यवेक्षक के रूप में राजिंन्द्र सिंह उपस्थित थे। शाखा अध्यक्ष दयानंद मेहता ने सभी अतिथिगण का स्वागत किया। मंच का संचालन रेनू खुराना ने किया। कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर आयोजित प्रतियोगिता हरीश शर्मा की टीम द्वारा करवाई गई।

कार्यक्रम के संयोजक जगदीश धमीजा ने बताया कि प्रतियोगिता में 26 स्कूलों की टीमों ने भाग लिया और उन्होंने बताया कि सीनियर वर्ग में शहीद भगत सिंह स्कूल हांसी प्रथम, सेंट मैथ्यूज स्कूल चैनत द्वितीय, गायत्री विद्या मंदिर हांसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में आरपीएस स्कूल हांसी ने प्रथम स्थान, शहीद भगत सिंह स्कूल ने द्वितीय स्थान और गायत्री विद्या मंदिर हांसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शाखा सचिव श्रीचंद आहूजा ने सभी का धन्यवाद किया।

## श्री गुरुनानक देव प्रकाशोत्सव की धूम

**हांसी।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरुनानक नाम लेवा संगतों द्वारा बड़े उत्साह से श्री गुरु नानक देव जी महाराज का प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। प्रबंधक कमेटी गुरुद्वारा बाबा बंदा सिंह बहादुर द्वारा श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर सोमवार से श्री अखंड पाठ साहिब आरंभ कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रबंधक कमेटी सचिव स. सतवंत सिंह घई ने बताया कि गुरु पर्व की खुशी में 24 अक्टूबर से प्रातः 5 बजे नगर में संगतों द्वारा प्रभात फेरियां निकाली जा रही है। सोमवार से गुरुद्वारा साहिब में 48 घंटे का निरंतर गुरबाणी पाठ श्री अखंड साहिब प्रारंभ हो गया है। मंगलवार 4 नवंबर को प्रातः 10 बजे पंज प्यारो की अगुवाई में श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी की छत्रछाया में महान नगर कीर्तन आरम्भ होगा। जिसमें मुख्य आकर्षण का केंद्र गतका पार्टी द्वारा शस्त्र विद्या के करतब प्रदर्शित किए जाएंगे और गुरू नानक देव जी के मानवता की भलाई के लिए किए गए उपदेशों पर आधारित झांकियां, बाबा बंदा बहादुर स्कूल के बच्चों द्वारा शब्द कीर्तन की झांकी निकलेगी। प्रबंधक कमेटी प्रधान सुभाष गिरधर एवं महासचिव राम प्रकाश परुथी, मुनीश पाहवा ने बताया कि नगर कीर्तन शहर के मुख्य मार्गों से गुजरेगा।



**हांसी।** गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर सजाया गया गुरुद्वारा बाबा बंदा सिंह बहादुर।

## गुरु जम्भेश्वर स्कूल में पांचवें कप का आयोजन

# महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल ने कराटे में मारी बाजी

**हिसार की 24 कराटे अकादमियों व स्कूलों से 570 ने भाग लिया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

सेक्टर 15 स्थित गुरु जम्भेश्वर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पांचवे ताइयो काई शितो रयु कराटे कप 2005 का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता सूरजसेवा फाउंडेशन हिसार व ताइयो काई शितो रयु कराटे इंडिया के तत्वावधान में किया गया।



**हिसार।** विजेताओं को सम्मानित करते अतिथिगण।

प्रतियोगिता में हिसार जिले की 24 कराटे अकादमियों व विद्यालयों से लगभग 570 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सूरजसेवा फाउंडेशन के डायरेक्टर व हिसार के प्रमुख कराटे कोच शिहान हरीश सिराधना ने बताया कि प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग के परिणामों में महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल हिसार ने प्रथम, विश्व शोटोकन फेडरेशन ऑफ इंडिया ने द्वितीय, गुरु जम्भेश्वर स्कूल सेक्टर 15 व श्री कृष्ण प्रणामी पब्लिक स्कूल हिसार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह जूनियर वर्ग के परिणामों में सेंटर निश्चल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने प्रथम, सेंट जोसेफ इंटरनेशनल स्कूल ने द्वितीय, दर्शन अकादमी व द आर्यन स्कूल तृतीय रहे।

कार्यक्रम में जिला बाल कल्याण अधिकारी विनोद कुमार व मनोज कड़वासरा मुख्य अतिथि रहे जबकि अध्यक्षता स्कूल की प्रधानाचार्या संतोष सहारण ने की।

**यह रहा निर्णायक मंडल**

*प्रतियोगिता के आयोजन सचिव सेंसेई विजय अग्रवाल व तकनीकी निदेशक सेंसई विकास मणकस ने बताया कि आयोजन में निर्णायक मंडल की भूमिका महिपाल खटाना, संतोष रोहथान, स्वीटी गर्ग, आरुषि सैनी, मनीष वर्मा, गीतांजलि बंसल, तनु पवार, स्वीटी वर्मा, मनीषा चौधरी, टीना सैनी व खुशी जांगड़ा ने निभाई।*